हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक : 328 : जौनपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य : 2 रूपया

## राजनाथ सिंह ने केन्या के रक्षा सचिव के साथ की द्विपक्षीय बैठक, कई मुद्दों पर हुई बातचीत



एजेन्सी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत और केन्या के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत हुआ है। रक्षा मंत्री की टिप्पणी केन्या के रक्षा मंत्रालय के कैबिनेट सचिव एडेन बेयर डुएले के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान आई। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, ष्व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों से लोगों के बीच संपर्क में हमारा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमारे दोनों देशों ने 2021–22 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गैर–स्थायी सदस्यों के रूप में मिलकर काम किया है। राजनाथ सिंह ने कहा, हम केन्या को उनके 2028–29 कार्यकाल के लिए भारतीय उम्मीदवारी को समर्थन देने के लिए धन्यवाद देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने अफ्रीकी देशों के साथ जुड़ाव को प्राथमिकता दी है। राजनाथ ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षता में आगामी नेताओं के शिखर सम्मेलन में जी20 सदस्यता में अफ्रीकी संघ को शामिल करने के लिए सभी जी20 सदस्य देशों को पत्र लिखा है। सिंह ने कहा कि भारत ने जुलाई 2023 में केन्या के आईएमओ (अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन) के महासचिव पद के लिए भी अपना समर्थन बढ़ाया है। इस बीच केन्या के रक्षा मंत्रालय के कैबिनेट सचिव ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान–3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए भारत को बधाई दी। उन्होंने कहा, श्मुझे खुुशी है कि भारत वैश्विक स्तर पर उन देशों में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। बधाई हो! उन्होंने आगे कहा, मैं भारत और केन्या के बीच आजादी से पहले से चले आ रहे सौहार्दपूर्ण संबंधों की सराहना करना चाहता हूं और मैं हमारे देश में रहने वाली विशाल भारतीय–केन्याई आबादी को भी पहचानना चाहता हूं। जब पीएम मोदी ने 2017 में हमारे देश का दौरा किया था, यह एक ऐतिहासिक यात्रा थी। इससे पहले आज डुएले ने राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी मिला। केन्याई कैबिनेट रक्षा सचिव भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत में अपने प्रवास के दौरान अतिथि गणमान्य व्यक्ति के गोवा और बेंगलुरु में भारतीय शिपयार्ड और रक्षा उद्योगों का दौरा करने की उम्मीद है। सितंबर 2022 में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से कैबिनेट सचिव डुएले की यह पहली भारत यात्रा और केन्या की सबसे उच्च स्तरीय स्टैंड–अलोन राजनीतिक यात्रा है। बयान में कहा गया है, यह यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों और विशेष रूप से भारत और केन्या के बीच बढ़ते सहयोग को कितना महत्व देता है। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। भारत और केन्या मजबूत और बहुआयामी साझेदारियों वाले समुद्री पड़ोसी हैं, जो नियमित उच्च–स्तरीय यात्राओं, बढ़ते व्यापार और निवेश और व्यापक लोगों से लोगों के संपर्कों द्वारा चिह्नित हैं।

## जरूरतमंदों को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराएं : योगी



एजेन्सी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जरूरतमंदों को अभी तक पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सीएम योगी ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 200 से अधिक लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा, आपकी हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। आप सबको चिंता करने की जरूरत नहीं है। अगर अधिकारी आपकी समस्या के निस्तारण में हीलाहवाली करते हैं तो मुझे बेझिझक बताएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, राजस्व और पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गौर करते हुए अधिकारियों को मामलों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। संपत्ति पर जबरन कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा।अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को गंभीर और संवेदनशील होकर सुनें तथा उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे किसी को भी परेशान न होना पड़े।

## हमारी सरकार ने वादे के मुताबिक काम किया, पांच गारंटी योजनाओं पर बोले डीके शिवकुमार

एजेन्सी

मैसूर। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को दावा किया कि सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने चुनाव से पहले कांग्रेस के गारंटी कार्ड में किए गए सभी वादों को लागू किया है। उन्होंने कहा, श्हमारी सरकार ने वादे के मुताबिक काम किया है। मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया के साथ चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद शिवकुमार ने कहा, मां चामुंडेश्वरी देवी और राज्य के लोगों के आशीर्वाद से हमारी सरकार सभी गारंटी योजनाओं को लागू करने में सफल रही है। हमारी सरकार ने वादे के मुताबिक काम किया है। डिप्टी सीएम ने कहा, चुनाव से पहले हमने कांग्रेस का गारंटी कार्ड रखकर इस देश की देवी देवी चामुंडेश्वरी देवी की पूजा की थी। हमने 100 दिनों के कार्यकाल में बहुत कुछ हासिल किया है, जैसे गृहलक्ष्मी योजना 1.10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचेगी, गृह ज्योति योजना 1.41 लाख घरों तक पहुंची है, शून्य बिजली बिल आया है और 46 करोड़ महिलाओं ने बस से यात्रा की है। अन्नभाग्य से 1.39 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए हैं। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा, 100 दिनों में हमारी सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार ने बहुत बड़ा योगदान दिया है। इस देवी और हमारे बीच का रिश्ता भक्त और भगवान के बीच जैसा रिश्ता है। हमारी जो भी मांग है, देवी ने उसे पूरा किया है। मैसूर के लोगों ने हमारी सरकार बनाने में बहुत ताकत दी है। हम राज्य की महिलाओं पर देवी चामुंडेश्वरी की कृपा की प्रार्थना करने के लिए यहां गृह लक्ष्मी योजना शुरू कर रहे हैं। कार्यक्रम का करीब 12,600 स्थानों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार के बीच बिगड़ते हालात पर उप मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी शिकायतों के बाद हमारे रिश्ते काफी बेहतर हो रहे हैं और आप हमें साथ देखते रहेंगे।

## हर वोटर तक पहुंचेगी बीजेपी

एजेन्सी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव–2024 की तैयारयों को लेकर भाजपाई अभी काम पर लग गए हैं ।वोटरों तक पहुंच बनाने के लध्एि भाजपा की रणनीति तैयार है। वोटर चेतना महाअभियान चुनावी रणनीति का ही हिस्सा है। विधानसभावार कमेटियां बनेंगी जो बूथ लेवल तक अपनी पहुंच बनाने का काम करेंगी। विधानसभा क्षेत्र पर एक कमेटी बनाई जाएगी जिसका काम प्रत्येक बूथ स्तर तक के वोटर लिस्ट को अपडेट करना होगा। अभियान के तहत फर्जी वोटरों का नाम वोटर लिस्ट से हटाने और नए वोटरों को वोटर आईडी बनवाने में मदद की जाएगी।

## छात्र की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या! 5 आरोपी गिरफ्तार, खीरी थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी सस्पेंड

एजेन्सी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में छात्र की बेरहमी से पीट–पीटकर हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नर ने बड़ा एक्शन लिया है। इस मामले में खीरी थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी पर भी गाज गिरी है। वहीं इस हत्याकांड में शामिल सभी पाचों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इन्हीं पांचों पर वारदात में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार लोगों में 2 नामजद व 3 अन्य आरोपी शामिल हैं। पुलिस पर सोमवार को दोपहर बाद हुई छात्र की हत्या को स्थानीय स्तर पर दबाने की कोशिश का आरोप लगा है। फिलहाल जांच चल रही है। आपको बता दें कि जिले के यमुनापार खीरी थाना अंतर्गत परमानंद इंटर कालेज में पढ़ने वाले 10वीं के छात्र सत्यम की सोमवार को समुदाय विशेष के लोगों ने लाठियों से पीट पीटकर हत्या कर दी। खीरी थाने के एसएचओ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों का आरोप है कि स्कूल से छुट्टी के बाद 15 वर्षीय सत्यम अपनी चचेरी बहन के साथ घर वापस आ रहा था और रास्ते में एक समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ की जिसका विरोध करने पर सत्यम को उन लोगों ने लाठी डंडों से पीटा। घायल अवस्था में सत्यम को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) संतोष कुमार मीना ने कहा कि परमानंद इंटर कालेज में बच्चों के बीच कुछ विवाद हुआ था जिसे अध्यापकों ने शांत करा दिया था। स्कूल छूटने के बाद रास्ते में झगड़ा हुआ जिसमें बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित किशोर के परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया है और 5 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसएचओ सिंह ने बताया कि पुलिस ने दो व्यक्तियों– यूसुफ और मोसीन के खिलाफ नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। खीरी क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया था जिसे पुलिस द्वारा खाली कराया गया। सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐतिहात के तौर पर क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सत्यम के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन भेजा गया है।

## रक्षाबंधन पर मोदी सरकार ने जनता को दी बड़ी राहत, 200 रुपये सस्ता मिलेगा एलपीजी सिलेंडर



एजेन्सी

नयी दिल्ली। सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपये कम करने और 75 लाख नये उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया ।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023–24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। ठाकुर ने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपये की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपये की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपये बचेंगे। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नये उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। बता दें कि कोरोना के बाद घरेलू गैस की कीमतों में बड़ा बदलाव आया है। मौजूदा समय में घरेलू गैस सिलेंडर 1150 रुपये का मिल रहा है। केंद्र सरकार के इस ऐलान से आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, देश में गैस की कीमतें 15 दिनों बाद परिवर्तित होती हैं। यानी बदलती रहती हैं। महंगाई को लेकर विपक्ष हमेशा से ही मोदी सरकार पर हमलावर रहा है। गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार पर कांग्रेस ने कई बार नरेंद्र मोदी के पिछले बयानों और स्मृति ईरानी पर तंज कसा है। विपक्ष का कहना है कि मोदी सरकार आम आदमी को लूटने का काम कर रही है। देश में पेट्रोल डीजल की कीमतें कई महीनों से स्थिर हैं। कई राज्यों में पेट्रोल 100 के पार बिक रहा है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव और इस साल के अंत में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मोदी सरकार जल्द ही तेल की कीमतों पर भी बड़ा फैसला ले सकती है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी कई मौकों पर कह चुके हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ी हुई हैं।

## बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना की बढ़ी सुरक्षा, केंद्र सरकार ने दी वाई प्लस सिक्योरिटी

एजेन्सी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने भाजपा विधायक आकाश सक्सेना की सुरक्षा बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय ने उन्हें सीआरपीएफ कमांडो के साथ वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराई है। अब विधायक के साथ पहले घेरे में सीआरपीएफ और दूसरे घेरे में यूपी पुलिस रहेगी। बता दें कि विधायक आकाश सक्सेना सपा नेता आजम खान के धुर विरोधी हैं। उन्होंने आजम खान और उनके परिवार के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए हैं। सपा नेता आजम खान को बीती 27 अक्टूबर 2022 को एक भड़काऊ भाषण मामले में एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई थी। जिससे उनकी विधायिकी चली गई थी। ठीक इसके 2 महीने बाद रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ था। जिसमें भाजपा के आकाश सक्सेना ने सपा के आसिम रजा को हरा कर इस सीट पर कब्जा कर लिया था। आकाश सक्सेना की बदौलत पहली बार यह सीट भाजपा के खाते में आई। जिसके बाद से आकाश सक्सेना प्रदेश और केंद्र के शीर्ष नेताओं की नजरों में आ गए। आकाश सक्सेना ने आजम खान और उनके परिवार के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज कराए हैं। इसमें आजम खान के बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट और 2 पेन कार्ड के मुकदमे भी शामिल हैं। बता दें कि यह मुकदमा लगभग पूरा हो चुका है। कोर्ट कभी भी इस मामले में अपना फैसला सुना सकता है।

## रक्षाबंधन से एक दिन पहले केदारनाथ धाम में धूमधाम से मनेगा भतूज पर्व

एजेन्सी

केदारनाथ। रक्षाबंधन से एक दिन पहले श्री केदारनाथ धाम में भतूज यानी अन्नकूट उत्सव मंगलवार की आधी रात के बाद धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा दानदाता के सहयोग से केदारनाथ मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। श्री बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तीर्थयात्रियों को भतूज तथा रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि भतूज पर्व हेतु सभी तैयारियां की गयी है।

## बीच हवा में खराब हुआ मुंबई जा रहे इंडिगो विमान का इंजन, पायलट ने की सुरक्षित लैंडिंग



एजेन्सी

नयी दिल्ली। मदुरै से मुंबई जा रही इंडिगो की एक उड़ान के इंजन में मंगलवार को खराबी आ गई। पायलट की सूझबूझ से विमान की सुरक्षित लैंडिंग मुंबई में करवाई गई, जिससे सहमे हुए यात्रियों को भी राहत की सांस आई। एयरबस ।321 (वीटी–आईयूजे) का एक प्रैट एंड व्हिटनी इंजन उड़ान के दौरान बंद हो गया। इसके बाद पायलट ने एक इंजन की सहायता से विमान लैंड किया। विमान को अब मुंबई में खड़ा कर दिया गया है। इंडिगो ने एक बयान में कहा, मदुरै से मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई–2012 में मुंबई में लैंडिंग से पहले एक तकनीकी समस्या आ गई। पायलट ने मुंबई में लैंडिंग को प्राथमिकता दी। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है। बता दें कि पीडब्लू की खराबी और इंजन–निर्माता द्वारा रिप्लेसमेंट इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण इंडिगो के लगभग 40 विमान महीनों से खड़े हैं। गोफर्स्ट ने इस साल की शुरुआत में अपनी ग्राउंडिंग को पूरी तरह से पीडब्लू इंजन की खराबी के लिए जिम्मेदार ठहराया था, जिसके कारण उसके आधे से अधिक विमानों को रिप्लेसमेंट इंजनों के इंतजार में कई महीनों तक खड़ा रहना पड़ा था।

## घोसी उपचुनाव: रोचक होती जा रही चुनावी जंग

एजेन्सी

लखनऊ। घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में सपा और बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। दौड़ेगी साइकिल या खिलेगा कमल , पांच सितंबर की तारीख जाने। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार ने झोक दी है ताकत। कई मंत्री और पार्टी के लीडर डेरा डाले हैं। उधर सपा के सामने अपने वर्चस्व को बचाने का सवाल है । क्योंकि दारा सिंह चौहान पाला बदल कर भाजपा के टिकट पर ताल ठोक रहे हैं। उधर सपा ने सुधाकर सिंह पर दांव लगाया है।

## किसी दूसरे के लिए ‘लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश न करें, राज्यपाल ने साधा ममता बनर्जी पर निशाना

एजेन्सी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने मंगलवार को कहा कि वह राज्य सरकार के साथ हमेशा सहयोग करेंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह उसके ‘‘हर काम में सहयोग करेंगे। बोस ने विशेष साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में राज्य में सामने रहने वाला चेहरा मुख्यमंत्री का होता है, मनोनीत राज्यपाल का नहीं, लेकिन हर एक को अपनी–अपनी ‘लक्ष्मण रेखा के संवैधानिक प्रावधानों के दायरे में रहना होता है। उन्होंने कहा, ‘‘मुख्यमंत्री राज्यपाल के सम्मानित संवैधानिक सहयोगी हैं। लोकतंत्र में सरकार का सामने का चेहरा निर्वाचित मुख्यमंत्री होता है, मनोनीत राज्यपाल का नहीं। बोस ने कहा, ‘‘राज्य सरकार जो (काम) करती है, मैं उसमें राज्यपाल के तौर पर सहयोग करूंगा, लेकिन मैं उसके ‘हर एक काम में सहयोग नहीं करूंगा। राज्यपाल ने कहा, ‘‘प्रत्येक को अपने दायरे में रहकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हर किसी की एक ‘लक्ष्मण रेखा है। इस ‘लक्ष्मण रेखाश को पार न करें और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी दूसरे के लिए ‘लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश न करें। यही सहकारी संघवाद की भावना है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया था कि राज्यपाल बोस संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं और वह उनकी ‘‘असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करतीं। मुख्यमंत्री ममता ने राज्यपाल का जिक्र करते हुए कहा था, ‘‘निर्वाचित सरकार के साथ पंगा नहीं लें। मैं पद का सम्मान करती हूं, लेकिन एक व्यक्ति के तौर पर उनका सम्मान नहीं कर सकती, क्योंकि वह संविधान का अपमान करते हैं। वह अपने मित्रों को विश्वविद्यालयों के कुलपति नियुक्त कर रहे हैं।श् राज्यपाल बोस ने कहा कि विश्वविद्यालय संबंधी कानूनों में यह नहीं कहा गया है कि कुलपतियों को आवश्यक रूप से शिक्षाविद ही होना चाहिए। बोस ने कहा कि उन्होंने एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश और एक सेवानिवृत्त आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी को उनकी योग्यता के कारण कार्यवाहक कुलपति के रूप में नियुक्त किया है और किसी को भी अंतरिम कुलपति के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।राज्यपाल ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है।

## सम्पादकीय

# सुनहरा सितारा

राग–रागनियों और पहलवानों के हरियाणा से अब भारत को दुनिया में सबसे सधा भाला फेंकने वाला नीरज चोपड़ा भी मिल गया है। टोक्यो ओलंपिक में एथलेटिक्स में पहला सोने का तमगा दिलाने वाले नीरज ने फिर इतिहास रचा है। अब रविवार को हंगरी में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में सोना जीता है। पिछले साल विश्व स्पर्धा में नीरज ने रजत जीता था। दुनिया की सभी मुख्य स्पर्धाओं में वह स्वर्ण पदक जीत चुका है। सबसे खास बात यह है कि नीरज कभी हार नहीं मानते और अपनी उपलब्धि को अंतिम मानकर संतुष्ट नहीं होते। यही वजह है कि उन्होंने अपने ओलंपिक रिकॉर्ड से ज्यादा दूर भाला फेंककर सोने का तमगा जीता है। हालांकि, यह उनके श्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल नहीं है। देश के लिये सबसे बड़ी खुशखबरी यह भी है कि नीरज ने नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया है, यही वजह है कि पहली बार विश्व स्पर्धा के फाइनल में नीरज समेत तीन खिलाड़ी पहुंचे, जिसमें कृष्णा जेना व डीपी मोनू भी शामिल रहे। नीरज जब मैदान में उतरते हैं, आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं। वे कई चोटों से उबरे और फिर अपना सर्वश्रेष्ठ देते चले गये। उनके जीवन की सहजता उनकी ऊर्जा है। जीतने के बाद बोले– 'मेरा वर्ल्ड चौंपियन होना बताता है कि हम भारतीय कुछ भी कर सकते हैं, जीवन के अलग–अलग क्षेत्रों में।' उनके आत्मविश्वास का ये आलम है कि वे जब भी मैदान में उतरते हैं तो उनके प्रशंसक मानकर चलते हैं कि वे सोना ही लाएंगे। इसकी मूल वजह उनके हर बार बेहतर प्रदर्शन की ललक और हर प्रतियोगिता में बेहतर करने का जुनून। बहरहाल, वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में वर्ष 2003 में अंजू जॉर्ज ने कांस्य पदक जीतकर जो शुरुआत की थी, उसे सोने में बदलने में करीब दो दशक लगे, जिसे नीरज ने संभव बनाया। ये नीरज के लिये गौरव की बात है कि भारत में 7 अगस्त को उस दिन नेशनल जैवलियन डे मनाया जाता है, जिस दिन नीरज ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। बहरहाल, हरियाणा का यह खिलाड़ी सोशल मीडिया का नया सितारा है। उनके लंबे बाल व फुर्तीलेपन की वजह से उनकी तुलना 'द जंगल बुक' के नायक 'मोगली' से की जाती है। निस्संदेह, वे राष्ट्रीय हीरो हैं। कड़े अभ्यास व मेहनत से आज नीरज के खाते में अंडर–20, एशियन गेम्स, राष्ट्रमंडल खेल, डायमंड लीग व ओलंपिक के सुनहरे तमगे हैं और अब निगाहें पेरिस ओलंपिक पर हैं। जिस तरह उन्होंने अपने प्रदर्शन में हर बार लगातार सुधार किया, उससे उम्मीदें बढ़ी हैं। पानीपत के एक गांव से जीवन की शुरुआत करने वाले नीरज ने कभी नहीं सोचा था कि वह दुनिया का नंबर एक भाला फेंकने वाला बनेगा। कभी कुर्ता–पायजामा पहने अस्सी किलो वजनी नीरज को मित्रमंडली सरपंच जी कहकर संबोधित करती थी। फिर फिटनेस की फिक्र हुई। तब पानीपत के स्टेडियम जाने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले वॉलीबाल खेलना शुरू किया। बाद में दोस्तों के कहने पर जैवलियन थ्रो में हाथ आजमाया।खेल में जुनून पैदा हुआ तो बेहतर सुविधाओं के लिये पंचकूला जाना अच्छा समझा। धीरे–धीरे देश के चोटी के खिलाड़ियों से सीखने को मिला और प्रतिस्पर्धा भी शुरू हई। अच्छी सुविधाएं मिलने लगीं। अच्छी गुणवत्ता वाला जैवलियन रास आने लगा। भाले की धार की मार दूर तक होने लगी। साल 2016 आते–आते पता चलने लगा कि भारत के एथलेक्टिस के आकाश में एक ध्रुव तारे का उदय होने वाला है। दरअसल, इसी साल नीरज ने पोलैंड में अंडर ट्वेंटी वर्ग में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में सोने का तमगा जीता। निस्संदेह, नीरज की कामयाबी में उन्हें मिली सुविधाओं का भी योगदान है। उन्हें विदेशी कोच मिले। बायोमैकेनिकल विशेषज्ञ मिले। दूर तक भाला फेंकने की सामर्थ्य बढ़ाने वाली जर्मनी की महंगी मशीनें उपलब्ध हुईं। किसी खिलाड़ी को स्वर्णिम लक्ष्य के लिये तपस्या से गुजरना पड़ता है। बहरहाल, भारत को ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं के लिये नया चौंपियन मिल गया है। जो लगातार प्रदर्शन में सुधार करके नयी उपलब्धियां हासिल करते जा रहे हैं।

# विश्व विजयी नीरज चोपड़ा




विश्व एथेलेटिक्स चौम्पियनशिप की 'भाला फेंक' प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर भारत के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है वह इस देश की मिट्टी के ऐसे कोहिनूर हीरे हैं जिसकी चमक से पूरी दुनिया में उजाला हुआ है। विश्व विजयी का खिताब लेकर नीरज चोपड़ा ने सिद्ध कर दिया है कि यदि भारत की युवा शक्ति चाहे तो वह पूरी दुनिया से अपनी प्रतिभा का लोहा हर क्षेत्र में मनवा सकती है। उन्होंने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के 'महानायक' बन चुके हैं। उनसे पहले यह रूतबा कुश्ती के पहलवान गुलाम मुहम्मद बख्श उर्फ 'गामा' को ही प्राप्त हुआ है या ओलम्पिक खेलों में शामिल हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के नाम रहा है किन्तु नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए महान है कि भारत में क्रिकेट के खेल को जिस तरह लोकप्रिय बनाने के लिए वाणिज्यिक प्रयास हुए और इसके साथ बनावटी चकाचौंध को जोड़ा गया उसके मुकाबले भाला फेंक जैसा खेल भारत में देशी और गांव के लोगों का खेल समझा जाता था। उन्होंने इसी खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके भारत की नई पीढियों को नई दिशा देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहे तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पर्धाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं।

इस प्रतियोगिता में 2022 में नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रह कर रजत पदक ही जीत सके थे मगर उन्होंने निश्चय कर लिया था कि उन्हें स्वर्ण पदक तक पहुंचना है। उन्हें प्रेरणा देने में आदिल साहब की भी प्रमुख भूमिका रही है जो बताती है कि भारत की तासीर कभी भी हिन्दू–मुस्लिम भेदभाव की नहीं रही। भारत के गौरव में ही इसके हर हिन्दू–मुसलमान नागरिक का गौरव होता है। एक साधारण किसान परिवार के नीरज चोपड़ा ने हरियाणा की मिट्टी में खेलते हुए अपनी लगन, निष्ठा व मेहनत से विश्व जूनियर खिताब से यहां तक का सफर जिस सफलतापूर्वक पूरा किया है उससे निश्चित रूप से भारत के लाखों गांवों के करोड़ों युवकों को प्रेरणा मिलेगी और एथेलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में पारंगत होने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रही इस विश्व एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत के ही चार धावकों ने 400 मीटर की रिले दौड़ के फाइनल में पहुंच कर भी भारत का नाम रोशन कर दिया है। ये चार धावक हैं राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल वरियाथोडी, अमोल जैकब व मुहम्मद अनस। विश्व रिले दौड़ में शामिल इन चारों खिलाड़ियों के परिचय से ही पूरी दुनिया को भारत की असली ताकत का अन्दाजा हो जाना चाहिए। इसी से भारत की मिली–जुली संस्कृति का आभास भी पूरे विश्व को हो जाना चाहिए कि भारत की एकात्म शक्ति 'हिन्दू–मुस्लिम–सिख–इसाई' एकता ही है।हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दोस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अतः मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है। नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। पिछले वर्ष नीरज और नदीम की दोस्ती को लेकर कुछ लोगों ने उल्टे–सीधे कटाक्ष भी किये थे। उन्हें शायद यह इल्म नहीं था कि विश्व स्तर पर खेलों का आयोजन होता ही है आपसी सद्भाव बढ़ाने के लिए जिसमें खिलाड़ी एक–दूसरे की प्रतिभा का सम्मान करते हैं । खेलों में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं होता। 400 मीटर की रिले दौड़ में तो चारों भारतीय हिन्दू, मुस्लिम व इसाई खिलाड़ियों ने अमेरिकी टीम को पछाड़ने के लिए जी–जान लड़ा दी जिससे भारत का परचम हर हाल में ऊंचा रहे। यही तो खेल भावना होती है जो खिलाड़ियों को आपस में बिना किसी बैर–भाव के बांधे रखती है। नीरज चोपड़ा ओलम्पिक भाला फेंक प्रतियोगिता के भी चौम्पियन है मगर बकौल उन्हीं के विश्व प्रतियोगिता ओलम्पिक से भी ज्यादा मुश्किल मानी जाती है अतः उन्होंने इसके लिए भारी मेहनत की थी। दूसरी तरफ भारत के चारों धावकों ने भी देश को फाइनल तक पहुंचा कर भारतीय सन्दर्भ में नया रिकार्ड कायम किया है। उनकी सफलता के लिए भी पूरा देश कामना करता है। इससे यह भी सिद्ध हो रहा है कि जिस एथेलेटिक्स को क्रिकेट खेल के कथित बुखार के चलते अभी तक लापरवाही के साथ देखा जाता था उसकी तरफ अब भारत की युवा पीढ़ी का रुझान बढेगा और वह इसकी स्पर्धाओं में महारथ हासिल करने की कोशिश करेगी। यह तो बिना शक कहा जा सकता है कि इस उपेक्षित क्षेत्र को चमकाने का काम सर्वप्रथम नीरज चोपड़ा ने ही किया है। इसलिए नीरज चोपड़ा निश्चित रूप से ही भारत के महानतम खिलाड़ियों में गिने जायेंगे।

# बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने–सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले। प्रशासन की इस बात से नाराज हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे। पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग–धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन–चौन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं– श्दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।श ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि श्मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।श जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने–अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।

# पुतिन: तानाशाह शासक

आदित्य नारायण

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन तमाम आलोचनाओं के बावजूद इस समय बिना किसी चुनौती के शासन कर रहे हैं। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की चेतावनियों और दबाव के बावजूद पुतिन बेखौफ है। एक तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और कई देश उनके खिलाफ एकजुट हैं तो दूसरी तरफ पुतिन अकेले ही मुकाबला कर रहे हैं। पुतिन के बारे में बहुत सी बातें कही जाती हैं लेकिन उनमें दुश्मनों से टक्कर लेने की क्षमता को विरोधी भी स्वीकार करते हैं। उनके बारे में मशहूर है कि वह अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को बेरहमी से कुचल देते हैं। उन्होंने विरोधी स्वरों को देश से बाहर निकाल दिया या जेल भेज दिया और कुछ को मरवा भी दिया। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने से पहले उन्होंने दो दशक में अपने विरोध में उठने वाले स्वरों को लगभग खत्म कर दिया। वैसे तो उन्होंने अपने शासन की शुरुआत में ही रूस के राजनीतिक महत्वकांक्षाओं वाले धन कुबेरों और ताकतवर अभिजात वर्ग के लोगों को पटखनी दे दी थी। यूक्रेन युद्ध के दौरान बगावत करने वाले प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत की पुष्टि रूस की सरकारी एजेंसी ने कर दी है। पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व प्रिगोझिन ने ही किया था। घविद्रोह के दो माह बाद ही प्रिगोझिन की मौत हो गई। वर्ष 2019 में कांगो में एक सैन्य विमान हादसे में भी प्रिगोझिन को मृत घोषित कर दिया गया था लेध्किन वह तीन दिन बाद ही दुनिया के सामने आ गए थे लेकिन इस बार रूसी जांच समिति ने डीएनए टैस्ट के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुतिन के बारे में मशहूर है ध्कि वह अपने दुश्मनों को कभी नहीं छोड़ते। रूस का यह राजा अपने विरोधियों और बगावत करने वालों को कुचलने के लिए कुख्यात रहा। दूसरी बार सत्ता में आने के बाद उन्होंने अपने विरोधियों का सफाया करना शुरू कर दिया। उन्होंने रूस के सबसे अमीर शख्स मिखाइल खोदोरकोव्स्की जैसे कुलीन वर्गों को सत्ता से हमेशा के लिए दरकिनार कर दिया, जिन्हें तेल की दिग्गज कंपनी युकोस के सीईओ पद से हटा दिया गया और टैक्स धोखाधड़ी सहित कई आरोपों में 2005 में जेल में डाल दिया गया। साल 2006 में पत्रकार और शासन के प्रबल आलोचक अन्ना पोलितकोवस्काया की हत्या कर दी गई और लंदन में पूर्व रूसी जासूस अलेक्जेंडर लिट्विनेंको को घातक जहर देकर मार दिया गया। हालांकि, पुतिन ने इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखा, लिहाजा देश के अंदर जनता उनके शासन से खुश थी। आर्थिक मोर्चे पर रूस अच्छा कर रहा था और इसकी सबसे बड़ी वजह तेल था। साल 2015 में पुतिन के प्रमुख आलोचक और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री बोरिस नेमत्सोव को क्रेमलिन के बाहर गोली मार दी गई। वहीं, साल 2018 में रूस के पूर्व डबल एजेंट सर्गेई स्क्रीपाल को इंग्लैंड में जहर देकर मार दिया गया। साल 2020 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने वाले रूस के विपक्षी नेता, एलेक्सी नवलनी को भी एक फ्लाइट में जहर दे दिया गया। वो फ्लाइट जर्मनी जा रही थी और जर्मनी के अस्पताल में नवेलनी को भर्ती कराया गया। कई महीनों तक अस्पताल में रहने के बाद जब साल 2021 में एलेक्सी नवेलनी रूस लौटे, तो मॉस्को एयरपोर्ट पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा सुना दी गई। पुतिन ने न केवल अपने राजनीतिक विरोधियों का सफाया किया बल्कि संविधान को भी अपनी मर्जी के मुताबिक बदल डाला। उनके बारे में कई किस्से–कहानियां लोग एक–दूसरे को सुनाते हैं जैसे पुतिन कभी मरेंगे नहीं और पुतिन आसमान से उतरा कोई अवतार है। पुतिन अपनी जिन्दगी को लेकर कई सस्पेंस रखते हैं। जैसे आज तक उनकी पत्नी गर्ल फ्रैंड या बच्चों के बारे में किसी को ठीक–ठाक पता नहीं है।– 1993 का रूसी संविधान कहता है कि कोई भी व्यक्ति लगातार दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति बना नहीं रह सकता है, लिहाजा 2008 में पुतिन को पद छोड़ना पड़ा। पुतिन ने दिमित्री मेदवेदेव को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया और खुद प्रधानमंत्री बन गए। मेदवेदेव की सरकार में संविधान में संशोधन किए गए और तय किया कि राष्ट्रपति का कार्यकाल अब 4 साल की बजाय 6 साल का होगा।

चूंकि पुतिन प्रधानमंत्री रह चुके थे, इसलिए वो 2012 में तीसरी बार रूस के राष्ट्रपति चुने गए। मार्च 2018 में पुतिन चौथी बार राष्ट्रपति बने। 2018 के चुनाव में पुतिन को 75 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जुलाई 2020 में पुतिन एक संविधान संशोधन लेकर आए। इससे उन्हें 2036 तक राष्ट्रपति बने रहने की ताकत मिल गई। पुराने कानून की जगह नए कानून ने ले ली, इसलिए पुतिन 2024 में फिर से दोबारा राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं। 2024 के बाद 2030 में राष्ट्रपति चुनाव होंगे। इस तरह पुतिन चाहें तो 2036 तक राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। इस समय पुतिन सर्वाधिक शक्तिशाली नेता हैं। क्या उनका वर्चस्व ऐसा ही रहेगा या खंडित होगा, यह भविष्य के गर्भ में है?

## गुलाम नबी आजाद ने गलत क्या कहा!

सत्य को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। और सत्य अनुकूल समय पर स्वयं प्रमाणित होता है। हाल में कश्मीर के संदर्भ में दो महत्वपूर्ण घटनाओं ने ध्यान आकर्षित किया है और कश्मीर समस्या के समाधान के लिए एक नया विचार और दृष्टिकोण प्रदान किया है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद का यह कथन कि कश्मीर में मतांतरण द्वारा इस्लाम का प्रचार–प्रसार हुआ और यहां इस्लाम के आगमन से पूर्व सभी हिंदू थे, न केवल सत्य की स्वीकारोक्ति है, अपितु आत्ममंथन के द्वारा समस्या के समाधान का नवीन दृष्टिकोण भी है। दूसरी महत्वपूर्ण घटना कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस का नागरिकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना और पूरी दुनिया को यह संदेश देना रहा कि अब कश्मीर आधुनिक,प्रगतिशील और लोकतांत्रिक शक्तियों द्वारा आगे बढ़ाया जाएगा। कश्मीर प्राचीन काल से ही शैव मत का महत्वपूर्ण केंद्र था। सम्राट अशोक ने वितस्ता नदी किनारे श्रीनगर नामक नगर की स्थापना की। प्रथम शताब्दी में कश्मीर के कुंडल वन में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू लिखते हैं कि लगभग 2000 या इससे भी अधिक साल पहले कश्मीर बौद्ध धर्म का महान केंद्र था और बौद्धों की कुछ महत्वपूर्ण सभाएं यहां हुईं। तब से वह संस्कृत भाषा के अध्ययन का प्रमुख केंद्र बना रहा। लगभग 1000 वर्ष पहले अरब और फिर फारसी प्रभाव कश्मीर पर पड़ा। इस प्रकार कश्मीर ने हिंदू, बौद्ध और मुस्लिम प्रभावों का अनुभव किया और वहां एक मिश्रित, किंतु समन्वित संस्कृति का सृजन हुआ। कश्मीर में मंगोलों के आक्रमण के बाद सदरुद्दीन नामक शासक ने बुलबुल शाह नामक सूफी के प्रभाव में इस्लाम का प्रसार किया। उसने कश्मीर में पहली मस्जिद बनवाई। सुल्तान सिकंदर के शासनकाल में उसके सेनापति सुहा भट्ट ने इस्लाम स्वीकार कर लिया और वह उसी संप्रदाय का कट्टर शत्रु हो गया, जिसे उसने त्याग दिया था। सिकंदर ने आदेश दिया कि सभी ब्राह्मण और अन्य हिंदू मुसलमान बन जाएं और जो इस्लाम स्वीकार नहीं करेंगे, उन्हें निकाल दिया जाएगा। उसने हिंदुओं का बड़े पैमाने पर दमन और उत्पीड़न किया और उनके मंदिर ध्वस्त किए। उसके अत्याचारों से बचने के लिए अनेक हिंदुओं ने मजबूरी में इस्लाम स्वीकार कर लिया। यही काम देश के अन्य हिस्सों में हुआ। लोग क्रूर आक्रांताओं के दमन के चलते या फिर उनके आतंक से त्रस्त होकर हिंदू–बौद्ध से मुस्लिम बने। देश के तमाम मुसलमान आज भी यह स्वीकारते हैं कि उनके पूर्वज हिंदू, बौद्ध या जैन थे। कुछ मुस्लिम नेताओं को गुलाम नबी आजाद का बयान पसंद नहीं आया, लेकिन वे सच से मुंह नहीं मोड़ सकते और सच यही है कि अधिकांश लोग मजबूरी में या अपनी संपदा अथवा मान–सम्मान बचाने के लिए हिंदू से मुसलमान बने। आज भारत के ही नहीं, पाकिस्तान के भी तमाम मुसलमान अपने नाम के आगे चौहान, चौधरी, राणा, बाजवा, भट्ट आदि उपनाम का प्रयोग करते हैं।

## आज का राशि फल

मेष :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

मकर :– भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर संविधान में लागू करे सरकार: तरून शुक्ल



मड़ियाहूं, जौनपुर। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषदध्राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में कृष्ण दत्त दुबे अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान परिषद के नेतृत्व में अखण्ड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन स्थानीय क्षेत्र के कान्हवंशीपुर, ग्रामसभा अहिरौली, इटाएं में किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित तरून शुक्ल प्रान्त महामंत्री अहिप काशी प्रान्त ने कहा कि आज देश की बढ़ती आबादी को नियंत्रण करना बहुत ही आवश्यक हो गया है। हम सरकार से निवेदन करते हैं कि जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर संविधान में लागू करे। घुसपैठियों को बाहर करे। एनआरसी, एक देश एक कानून बनाये और कृषि पर विशेष ध्यान दे। आज के 21वीं सदी में उपजाऊ भूमि को भी लोग रिहायशी मकान या अन्य उपक्रम लगाने एवं बनाने में लगे हैं। देश के किसान को हम अपना अन्नदाता का नाम देकर उन्हें सम्मानित करते है परंतु बढ़ती आबादी को देखते हुए अब किसानों की कृषि भूमि कम होती जा रही है। आने वाले समय में भोजन के लाले पड़ सकते हैं। रोटी की महामारी फैल सकती है, इसलिए डा. प्रवीण भाई तोगड़िया अध्यक्षध्संस्थापक के नेतृत्व में तकनीकी खेती करने और किसानों के मेहनत से उपजे अनाज का सही मुआवजा मिले और किसानों की मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाय जिससे मेरे देश का किसान गरीबी रेखा में न आने पाये।इस अवसर पर संतोष दुबे प्रांतीय उपाध्यक्ष अहिप, डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रान्त अध्यक्ष राष्ट्रीय छात्र परिषद के अलावा शिव सागर दुबे, सुशील पटेल, योगेश गुप्ता, प्रभाकर शर्मा, अजय गुप्ता, संदीप दुबे, रमेश चन्द्र यादव, शीतला गौतम, अंकित पटेल, बबऊ सिंह, रमाकांत दुबे, विशाल, कौशल दुबे, हितेश, अम्बेश, मनीष, भुवनेश्वर, राम जियावन, सत्यम, उमानाथ, राजेश पाण्डेय, अनिल दुबे, अखिलेश सरोज, मनोज सरोज सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# श्रीरामचरित मानस को मिले राष्ट्रीय ग्रन्थ का दर्जा


## बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में साधु-संतों ने भरी हुंकार




मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट

लखनऊ। जय बजरंग सेना के तत्वावधान में आज यहां अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रादेशिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ मदन गोपालजी महाराज, श्रीकामदगिरि पीठम् अधिकारी श्रीकामतानाथ मन्दिर चित्रकूट, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, अस्तुष्बरजी महाराज, बाबा महादेव, राधेश्याम नामदेव, महन्त योगेन्द्र दास, डा. मदन गोपाल दास जी, बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ऋषि कुमार त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, ओम शुक्ला, डा. आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में साधू संत, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डा. मदन गोपाल ने राम चरित मानस को मानव मर्यादित जीवन जीने की राह दिखाने वाला महाकाव्य बताते हुए कहा कि इसे राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज प्रादेशिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें केर्न्द्र सरकार से मांग की गई कि अयोध्या में नव निर्माण हो रहे राम मंदिर के द्वार रामभक्तो के लिए जिस दिन खुले उसी दिन श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किया जाये। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री रामचरित मानस को महाकाव्य बताया और कहा कि श्रीरामचरित मानस मानव को श्रेष्ठ जीवन जीने की राह दिखाती है। उन्होंने जय बजरंग सेना के चलाये जा रहे श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के हस्ताक्षर अभियान की सराहना करते हुये कहा कि इस महाकाव्य को राष्ट्रीय दर्जा मिलने से इसका अपमान करने वालों को सौ बार सोचना पड़ेगा। इस मौके जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने बताया कि श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिये चलाये जा रहे इस अभियान के माध्यम से हिन्दु समाज को एकजुट करने का भी काम किया जा रहा है। वहीं सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ऋषि कुमार त्रिवेदी ने बताया कि इस अभियान में तेजी लाने के लिये चित्रकूट स वाराणसी होते हुये अयोध्या तक श्रीराम चरित मानस यात्रा निकालने की तैयारी शुरू की जा रही है, ताकि इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सके।

# उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर बाजारों में जाकर लिया जाएजा



सुल्तानपुर। रक्षा बंधन त्योहार पर एसडीएम विदुषी सिंह ने मिठाई दुकानदारों के दुकान पर जाकर दुकानदारों को दी हिदायत मिलावट खोरी के विरूद्ध चलाया अभियान बताते चलें कि अकसर त्योहारों पर मिठाई दुकानदार मिलावटी मिष्ठान्न की जाती है जिससे शारीरिक नुकसान हो जाता है इसी शिल शिलशिले में आज रक्षा बंधन त्योहार की पूर्व संध्या पर बल्दीराय, पारा बाजार, वलीपुर, देहली बाजार आदि बाजारों में उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह मिष्ठान्न स्टाल पर खुद जानकारी ली और दुकानदारों को मिलावटी मिठाई नहीं बेचने की हिदायत दी और कहा कि शुद्ध मिठाई दुकानदार बेंचें किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए

इसी के साथ साथ क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार, बल्दीराय थाना अध्यक्ष अमरेंदर बहादुर सिंह व पारा चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर सिंह सोनकर पुलिस बल के साथ रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि त्यौहार पर किसी भी प्रकार की उपद्रव नहीं होना चाहिए यदि किसी ने उपद्रव करने की कोशिश की तो सीधा जेल की हवा खानी पड़ेगी।

## चकबन्दी का शासनादेश जारी होते ही खुशी से उछल उठे ग्रामीण

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बदलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम थनवा में प्रदेश सरकार द्वारा चकबन्दी कराए जाने का शासनादेश जारी होने की खबर मिलते ही किसान खुशी से उछल उठे। गौरतलब है कि आजादी के बाद से आज तक गाव में चकबन्दी न होने से किसानों के सामने चकमार्ग, नाली, खलिहान की जमीन, तथा ग्राम सभा की सुरक्षित जमीन पर हुए अवैध कब्जा को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। गाँव के लोग समस्या को लेकर हलकान थे। गाँव के प्रमुख समाजसेवी दीपक यादव गाँव की चकबन्दी कराए जाने की पहल राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी तथा पूर्व जिलाधिकारी मनीष वर्मा से प्रार्थना पत्र देकर कर रहे थे। परिणाम स्वरूप सांसद सीमा द्विवेदी तथा पूर्व जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त को थनवा गाँव की चकबन्दी अविलम्ब कराए जाने के लिए प्रस्ताव बना कर भेजा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने 23 अगस्त को चकबन्दी आयुक्त को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 374 गाँव की चकबन्दी कराए जाने का शासनादेश जारी किया है। शासनादेश जारी होने की खबर मिलते ही गाँव के रामजीत यादव, दिनेश कुमार सिंह, उमानाथ यादव, सरजू प्रसाद यादव, मुनीजर यादव, संदीप मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद मौर्या आदि लोग खुशी से उछल उठे।

# धूमधाम से मनाया गया ओणम का त्यौहार



सुजानगंज। प्रणवम् स्कूल ऑफ चिल्ड्रेन आर्ट्स , सुजानगंज में बच्चों ने धूमधाम व खुशहाली के साथ ओणम त्यौहार मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक व मुँगरा बादशाहपुर विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ. प्रमोद के. सिंह ने दीप प्रज्वलन कर भगवान विष्णु व राजा बली के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा ष्जब भगवान विष्णु ने वामन का रूप धारण कर राजा बली से उनका सर्वस्व दान में ले लिया तब उनकी दानशीलता से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल लोक का राजा बना दिया। राजा बलि अपने प्रजा से बहुत ही प्यार करते थे इसलिए प्रत्येक वर्ष अपनी प्रजा की सुख व समृद्धि को देखने के लिए वह इन दिनों धरती पर आते हैं और प्रजा की खुशहाली देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं ,इसलिए हम सभी अपने–अपने घरों को खूब सजाते हैं तथा फूलों से रंगोली बनाकर उनका स्वागत करते हैं। ओणम का त्योहार चिंगम महीने में मनाया जाता है। चिंगम को मलयालम के लोग साल का पहला महीना मानते हैं। वहीं हिंदू कलैंडर के अनुसार देखें तो चिंगम महीना अगस्त या सितंबर का होता है। यह त्यौहार 10 दिनों का होता है। ओणम के हर दिन का एक खास महत्व हैं। इस त्योहार में लोग अपने घरों को 10 दिनों तक फूलों से सजा कर रखते हैं और विधि विधान से विष्णु जी और महाबली की पूजा करते हैं। ओणम का यह त्योहार नई फसल के आने की खुशी में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन वंदना जायसवाल की देखरेख में हुआ तथा संचालन विजय शंकर दूबे ने किया। इस अवसर पर कुलदीप पांडेय,सुनीता सोनी,दिव्या तिवारी,पंकज मणि तिवारी,अस्मिता तिवारी,पंकज सिंह,नीता तिवारी, नीलम सोनी व निशा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में प्रदेश में आरजकता का माहौल है : डॉ अवधान नाथ

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के विधायक एंव वरिष्ठ नेताओं के साथ जिलाअधिकारी को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर डा अवधनाथ पाल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आया है प्रदेश में आरजकता का माहौल है आम लोग दहसत में जिन्दगी जीने पर मजबूर है आज हम सभी लोग जौनपुर में बढ़ते अपराध वह अपराधी मामले हत्या लूट बलात्कार जैसी घटनाओं में जनपद में जनमानस में भय एवं व्याप्त है जिला प्रशासन व शासन में जिम्मेदार पदों बैठे हुए लोग अपनी नाकामियां को छुपाने के लिए समाज के पिछड़े दलित अल्पसंख्यक नौजवान को फर्जी एवं मनमानी ढंग से गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट में फंसा कर उनके पैतृक सम्पत्ति को पुलिस प्रशासन द्वारा कुर्क कराया जा रहा है एवम पुलिस द्वारा में आम आदमी को संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है बिना नोटिस के लोगों संपत्ति मकान प्रतिष्ठान, स्कूल तक सील किया जा रहा है जिससे आम जनमानस में गुस्सा है जो पुलिस प्रशासन की तानाशाही है दिन प्रतिदिन कहीं न कहीं हत्या हत्या का प्रकार प्रयास गोली चलना छिनैती, बलात्कार आदि जैसे जंघन्य घटनाएं सामने आती जा रही है व जनपद के विभिन्न तहसीलों थाना ब्लॉक मुख्यालय पर लूट मची है और अत्याचार अपने चरण पर है सिंचाई के लिए नहरो में पानी का अभाव है व बिजली की कटौती किसानों की कमर तोड़कर रख दी है बारिश न होने के कारण किसान और बेहाल हो गया है और महंगाई की मार झेल रहा है। ज्ञापन सौपने मे मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल, राजनाथ यादव, श्रवण जयसवाल, राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, विवेक रंजन यादव,अंखड यादव हिरालाल विश्कर्मा मेवालाल गौतम राजकुमार बिन्द,भारत यादव,साजिद अलीम ,बरसातू सरोज अनील दूबे,डॉ जंग बहादुर यादव समर बहादुर यादव एडवोकेट मुन्ना यादव,राजबहादुर यादव लकी यादव आदि लोग मौजूद रहें।

# नियमित रूप से खेलना किसी भी व्यक्ति के चरित्र और स्वास्थ्य निर्माण में मददगार होता है : मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारत सरकार के खेल विभाग तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अनुपालन में अपर महानिदेशक,एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत देश के नागरिकों में खेल और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नवयुग कन्या महाविद्यालय,राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स कीर्ति रस्तोगी, प्रियंका यादव, खुशी त्रिपाठी,




सुहानी झा, नैन्सी विश्वकर्मा, ललिता यादव आदि ने 'स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क' विषय पर पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से इस संदेश को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया कि स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर का होना अनिवार्य है, क्योंकि रुग्ण शरीर, रुग्ण मानसिकता को जन्म देता है । महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि खेलना एवं खेल भावना ये दोनों ही अनुशासित जीवन के महत्त्वपूर्ण अंग है । युवा पीढ़ी को बेहतर भविष्य के लिए फिट रहना आवश्यक है ।

कार्यक्रम संयोजक एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी के अनुसार नियमित रूप से खेलना किसी भी व्यक्ति के चरित्र और स्वास्थ्य निर्माण में मददगार होता है।

# मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय मे आयोजित हुआ मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। छात्राओं में छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी में बुधवार को मेहंदी रचाओ व राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता मे मानवी मिश्रा ने तो राखी बनाओ प्रतियोगिता मे स्नेहा ग्रुप ने बाजी मारी। मेंहदी प्रतियोगिता मे अरेबियन व दुल्हन डिजाइन की धूम रही।

मेहंदी प्रतियोगिता मे सत्तर छात्राओ की जोड़ी ने भाग लिया। सहयोगी छात्राओ के हाथों पर एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाकर भावविभोर कर दिया। प्रतियोगिता मे रौनक परवीन दूसरे, गुंजा मौर्या तीसरे, मुस्कान यादव चौथे व श्रेया यादव पांचवे स्थान पर रही। छात्राओं द्वारा सहयोगी छात्राओं के हाथों पर बनाए गए डिजाइन को अभिभावकों ने भी सराहा। राखी बनाओ प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जानवी ग्रुप दूसरे, अनन्या ग्रुप तीसरे, सत्यम विश्वकर्मा चौथे व अंशिका उपाध्याय ग्रुप पांचवाँ स्थान हासिल किया।

विद्यालय के प्रबंधक जगदीश नारायण सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शरद कुमार सिंह ने आभार जताया। निर्णायको मे कविता सिंह, रामचंद्र सिंह, अर्चना सिंह, दामिनी सिंह प्रमुख थी। इस अवसर पर रामचंद्र सिंह, सुशील कुमार सिंह, श्रवण यादव, दिलीप सिंह, अजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, राहुल यादव, सौरभ सिंह, प्रवीण सिंह, विवेक मिश्र, कार्तिकेय प्रजापति, अतुल गौड़, अंजनी उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, यशवंत यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# एस के डी के छोटे-छोटे बच्चों ने निदेशक मनीष सिंह को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। एसकेडी एकेडमी की सभी शाखाओं के प्री प्राइमरी से कक्षा 8 तक बच्चों ने रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया। बच्चों ने छोटी–छोटी राखियाँ बनाईं, पेन्टिंग की तथा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बच्चों ने रक्षाबंधन के लिए सभी को संदेश दिया कि वैसे तो हम सभी को पता है कि रक्षाबन्धन भाई–बहन का पर्व है। जिसमें बहनें अपने भाइयों को रक्षा का प्रतीक एक रेशम का धागा उनकी कलाई पर बांधती हैं। भाई अपनी बहन की रक्षा करने का प्रण लेता है। आज सभी बच्चों ने वृक्षों को राखी बांधकर सम्पूर्ण पर्यावरण व पृथ्वी को बचाने एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने भी छोटे–छोटे बच्चों से रक्षासूत्र बंधवाया और तिलक लगवाया।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने सभी को रक्षाबन्धन की बधाई दी एवं वृक्षों, पर्यावरण एवं पृथ्वी की सुरक्षा के संकल्प की सराहना की एवं इस अभियान को निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट के छात्र-छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र के न्यू रहीमाबाद स्थित यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट के छात्र–छात्राओं ने रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सभी छात्र–छात्राओं ने स्वयं की बनाई रखियो की प्रदर्शनी भी लगाई।राखी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान पाने वाली छात्राओं ने सरोजनी नगर थाना अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधाद्य।इस दौरान समस्त पुलिस पदाधिकारी ने छात्राओं से अपनी कलाइयों पर रक्षा सूत्र बंधवाया।



समस्त छात्राओं ने तिलक लगाकर उनकी आरती उतार कर उनकी लंबी उम्र की कामना की।छात्राओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधे जाने से प्रसन्नचित्र थाना अध्यक्ष ने समस्त छात्राओं को उपहार भेंट किए एवं उन्हें रक्षाबंधन से संबंधित पर्व का महत्व समझाते हुए बताया कि रक्षाबंधन का पर्व विशेष रूप से भावनाओं व संवेदनाओं का पर्व है। इस अवसर पर अतिरिक्त निरीक्षक तेजबहादुर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक अनवर अहमद कांस्टेबल अंकित बलियान, अभय सिंह बाजपेयी, अमित कुमार, मनीष दुबे, विद्यालय के निदेशक उमाकांत चौधरी ,प्रधानाचार्य, शिक्षक सरिता चौधरी, शैलेंद्र प्रताप सिंह समस्त छात्राओं के साथ उपस्थित रहे।

## पति-पत्नी में हो रहा था झगड़ा, मां को बचाने गया था बेटाय पिता ने गला दबा दिया

संवाददाता

अलीगढ़। जिले में पिता ने 10 साल के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पति–पत्नी किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों जोर से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर बेटा उनके पास पहुंचा। दोनों को रोकने की कोशिश की। इसपर पिता ने पीटना शुरू कर दिया। उसका गला दबा दिया। उसके बाद बच्चे को वहीं छोड़कर चला गया। चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो बच्चा बेड पर पड़ा हुआ था। उसकी मां रो रही थी। मां के कहने पर पड़ोसी बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना महुआखेड़ा के नगला डालचंद की है। यहां महेश कुमार बेटा उत्कर्ष (10) और पत्नी के साथ रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। मंगलवार दोपहर में किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच मारपीट की नौबत आ गई। शोर सुनकर बेटा उनके पास पहुंचा। वह अपने मम्मी–पापा के बीच में जाकर उन्हें चुप कराने का प्रयास कर रहा था। ये बात उसके पिता को नागवार गुजरी। गुस्से में बच्चे का गला दबा दिया। जिससे बच्चा बेहोश हो गया। उसके बाद पिता वहां से चला गया।

# श्रीरामचरित मानस को मिले राष्ट्रीय ग्रन्थ का दर्जा

संवाददाता

लखनऊ। जय बजरंग सेना के तत्वावधान में आज यहां अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रादेशिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ मदन गोपालजी महाराज, श्रीकामदगिरि पीठम् अधिकारी श्रीकामतानाथ मन्दिर चित्रकूट, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, अस्तुष्बरजी महाराज, बाबा महादेव, राधेश्याम नामदेव, महन्त योगेन्द्र दास, डा. मदन गोपाल दास जी, बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ऋषि कुमार त्रिवेदी, संजय श्रीवास्तव, ओम शुक्ला, डा. आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में साधू संत, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डा. मदन गोपाल ने राम चरित मानस को मानव मर्यादित जीवन जीने की राह दिखाने वाला महाकाव्य बताते हुए कहा कि इसे राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिए देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज प्रादेशिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें केर्न्द्र सरकार से मांग की गई कि अयोध्या में नव निर्माण हो रहे राम मंदिर के द्वार रामभक्तो के लिए जिस दिन खुले उसी दिन श्रीराम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित किया जाये।

# पर्वतारोही की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा- अंजू बाला





हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य एवं पूर्व सांसद अंजू बाला ने जनपद निवासी युवा पर्वतारोही अभिनीत के गाँव पहुँचकर उसे सम्मानित किया और उनकी सफलता पर बधाई दी। विकासखण्ड कोथावां के ग्राम सांता पहुंची राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य एवं मिश्रिख लोकसभा की पूर्व सांसद अंजू बाला ने यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट ऐल्ब्रुस पर तिरंगे को फहराकर वापस लौटे जिले के युवा पर्वतारोही अभिनीत मौर्य को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पर्वतारोही के पूरे परिवार से मुलाकात की और ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। गांव में जमा ग्रामीणों तथा गणमान्यों की भारी भीड़ के बीच युवा पर्वतारोही की सराहना करते हुए अंजू बाला ने कहा कि छोटी सी उम्र में अदम्य साहस का परिचय देकर देश ही नहीं बल्कि विदेश जमीं पर परचम लहराकर पूरे देश को गौरवान्वित करने का जो कार्य किया है वह देश के सभी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जनपद के ग्रामीण अंचल से निकाला यह युवा ऐसे ही नित नए कीर्तिमान स्थापित कर देश का गौरव बढ़ाते हुए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों से अपना नाम लिखे ऐसी मेरी शुभकामना है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान तेजपाल वर्मा, बेनीगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष लव कुमार मिश्रा, एडवोकेट नीलमणि सिंह, रजनीकांत पटेल, विजय सिंह, सुखवासी लाल वर्मा, शिवांशु, त्रिलोकी, दिलीप प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हर प्रांत की अपनी-अपनी अलग-अलग भाषाएं हैं - डॉ0 वाचस्पति मिश्रा

सुजानगंज

संस्कृत सप्ताह के शुभ अवसर पर श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय, सुजानगंज, जौनपुर के फेसबुक पेज पर आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान माला की दूसरे दिन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 वाचस्पति मिश्रा ने वर्तमान समय में संस्कृतस्य प्रासंगिकता उपयोगिताश्च विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने साथ सूत्रों के माध्यम से संस्कृत की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे



देश में हर प्रांत की अपनी–अपनी अलग–अलग भाषाएं हैं किंतु संस्कृत संपूर्ण भारतवर्ष की एकमात्र प्राचीन भाषा है जिसके माध्यम से आज हम अपनी प्राचीन विरासत को अपने अद्भुत क्षमता को बचाए हुए हैं। आवश्यकता है आज संस्कृत को नए आयाम की। जिससे हम संपूर्ण विश्व में अपनी भाषा एवं संस्कृति के माध्यम से विश्व गुरु की श्रेणी में खड़े हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनय कुमार त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा आचार्य खगेंद्र मिश्र ने प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में शिवानंद चतुर्वेदी, उमेश, इन्दु प्रकाश चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर मिठाई खिलाई



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल कॉलेज चिनहट, डीपीएस अकादमी इटौंजा व् ळैड प्राइवेट आईटीआई रायपुर राजा इटौंजा लखनऊ में भाई–बहन का पावन पर्व रक्षाबंधन बड़ी श्रद्धा व् उत्साह के साथ मनाया गयाद्य इस पावन अवसर पर श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा–सूत्र बांधकर मिठाई खिलाईद्य वही भाइयों ने बहनों को रक्षा का वचन दियाद्य मेंहंदी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से प्राची, स्तुति व् सौम्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व् तृतीय स्थान पर रहीद्य वही सीनियर वर्ग में खुशी राजपूत, आयुषी वर्मा, महक वर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व् तृतीय स्थान पर रहीद्य इसके पश्चात फेस पेंटिंग प्रतियोगिता हुईद्य इस प्रतियोगिता में दीपांशु यादव, तन्मय रावत, विशाल प्रताप व् विशाल यादव ने भाग लिया।

डीपीएस अकादमी में भी रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े उल्लास के साथ मनाया गयाद्य बहनों ने भाइयों को राखी बाँधीद्य भाइयों ने बहनों को उपहार दियाद्य इसके साथ ही विद्यालय में मेहँदी प्रतियोगिता हुई, जिसमें सौम्या यादव, शिवांकी रावत व् खुशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व् तृतीय स्थान पर रहीद्य फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में अनंता व् आरवीर विजयी रहे।

ळैड प्राइवेट ITI इटौंजा लखनऊ में भी रक्षा बंधन का पावन पर्व बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गयाद्य छात्रों ने एक दूसरे को राखी बांधकर शुभकामनाएँ दी।

# नवागत तहसीलदार ने पद भार संभाला, कहा-राजस्व मामले समय सीमा में होंगे पूरे



'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'पाली–हरदोई' पिछले सप्ताह सचिन्द्र शुक्ला ने सवायजपुर के नये तहसीलदार के रूप में कार्यभार संभाला। मूल रूप से भदोही जनपद के निवासी बेदाग छवि वाले सचिन्द्र शुक्ला इससे पहले उन्नाव जनपद की लगभग चार तहसीलों में नायब तहसीलदार के पद पर बेहतरीन कार्य कर चुके हैं। पदोन्नति के चलते तहसील सवायजपुर में तहसीलदार के रूप में कार्यभार संभालते ही अपनी जवाबदेही के प्रति काफी सक्रिय रूप से कार्य करते हुये दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से विकास और राजस्व के साथ तहसील से जुड़े मामलों को प्रभावित करने वाली गति मिलेगी तथा राजस्व के मामलों को सभी के सहयोग से समय सीमा में पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। तहसील के चार्ज संभालने के बाद तहसीलदार ने कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्हें शासन के मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिये, साथ ही अपने अधीनस्थों से विभागीय कार्यों की जानकारी ली। तहसीलदार सचिन्द्र शुक्ला ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना भी उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है।जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी दफ्तर आकर उनसे मिल सकती है। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। तहसीलदार ने शासन की प्राथमिकताओं का शत–प्रतिशत पालन कराने की बात कही। लोगों ने उम्मीद जताई कि नवागत तहसीलदार से अधिवक्ताओं व राजस्व कर्मियों के सहयोग से बेहतर समन्वय के साथ वादकारियों व पीड़ितों को न्याय मिलेगा।

## मुस्लिम युवती से राखी बंधवाकर दरोगा रणजीत यादव ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में मुस्लिम युवती से राखी बंधवाकर दरोगा रणजीत यादव ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश ष्रंजिशे मिट जायेंगी, नफरतें हो जायेंगी फना, तेरी ईद मै मनाऊँ,मेरी होली तू मना। ष भाई बहन के प्रेम में कब जाति पांती ये आया,तेरे अल्लाह ने नहीं,मेरे ईश्वर ने नहीं तो किसने ये भेद बनाया,रक्षाबंधन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र के कार्यालय में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने मुस्लिम युवती शबीना खातून से अपने कलाई पर राखी बंधवाकर हिन्दू मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। शबीना खातून थाना मवई क्षेत्र से लगभग 65 किलोमीटर की यात्रा करके समाजसेवी राकेश कुमार के साथ पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या में राखी और मिठाई लेकर पहुँची। सुपरकॉप दरोगा रणजीत यादव को पहले चंदन लगाया फिर उनकी कलाई पर अपने हाथों से राखी बाधकर मिठाई खिलाया। भाई रणजीत यादव ने अपनी मुँहबोली बहन को मिठाई खिलाने के साथ ही रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए राखी का उपहार देकर विदा किया। पिछले पांच वर्षों से शबीना रणजीत यादव की कलाई पर राखी बांधती है। खाकी वाले गुरुजी के नाम से चर्चित सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ड्यूटी के चलते घर जाकर बहनों से राखी नहीं बंधवा पाते तो जौनपुर से उनकी मुहबोली बहन अन्नपूर्णा तिवारी, गोरखपुर से सपना शर्मा और मेरठ से ईहा दीक्षित प्रत्येक वर्ष डाक से उन्हें राखी भेजती हैं। वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित अपना स्कूल की छात्राओं ने भी खाकी वाले गुरुजी की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। रणजीत यादव ने बच्चों को उपहार के साथ साथ दिया शिक्षा और सुरक्षा का वचन।

## बीकापुर के अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। जनपद के तहसील बीकापुर के अधिवक्ताओं ने जनपद हापुड़ में शांतिपूर्ण ढंग से अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान निहत्थे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए बार एसोसिएशन तहसील बीकापुर के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष आबाद अहमद खां के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम बीकापुर राजकुमार पांडे को सौंपते हुए हापुड़ के पुलिस उपाधीक्षक सत्येंद्र सिसौदिया को बर्खास्त की करने तथा धरना में शामिल कर्मियों अधिवक्ताओं पर की गई लाठी चार्ज में शामिल दोषी पुलिस कर्मियों व अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने तथा घायल अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता मुहैया कराये जाने के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से हापुड़ से स्थानांतरण कराए जाने की मांग मौजूद अधिवक्ताओं ने सौंपे गए मांग पत्र के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से की है। अधिवक्ताओं ने दिए गए उपरोक्त मांग पत्र की प्रति उत्तर प्रदेश शासन, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन तथा अध्यक्ष बार एसोसिएशन जिला एवं सत्र न्यायालय हापुड़ को मामले में प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु भेजा है। इस मौके पर मंत्री ब्रह्मानंद मिश्र बृजेश यादव अवध राम यादव ओमप्रकाश तिवारी सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

## मंडल कारागार से तीन कैदी रिहा

अयोध्या। मंडल कारागार से तीन कैदी रिहा हुए। सजा पूरी होने के बाद अर्थ दंड जमा ना होने के कारण जेल में तीनों कैदी बंद थे।स्वयंसेवी संस्था गोपाल दास एंड संस ने जुर्माना जमा किया। जिसके चलते तीनों कैदी 17 हजार रुपए जुर्माना जमा होने पर रिहा हुए। रिहा होने वाले कैदियों में पव्वा वनराजा अयोध्या, इफ्तकार अली रुदौली अयोध्या तथा पिंटू राम वैशाली बिहार रहे।

## चाणक्य परिषद ने मनाया श्रावणी त्यौहार

अयोध्या।जिले में श्रावणी का त्यौहार भव्यता से मनाया गया। अयोध्या मे अखिल भारतीय चाणक्य परिषद जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत के नेतृत्व में पूरे जिले में नया घाट, गुपतार घाट, श्रावणी का स्नान भारत की तपोस्थली भरत कुंड सरोवर में स्नान पूजन करके बडे ही उत्साह से मनाया गया ।इसमेंडॉक्टर सुरेंद्र दुबे मुख्य यजमान डॉ शिवकुमार मिश्र आचार्य हर्षित तिवारी श्रीकांत पाठक श्री करुणा निदान तिवारी श्री रामचरित पांडे श्री ऋषि पाठक कपिल देव पांडे प्रभाशकर पांडे अनिल पांडे के के शुक्ला ओम प्रकाश पांडे रज्जू पांडेआदि रहे।

# पद्मनाभ त्रिवेदी प्रान्तीय अध्यक्ष बने जेपी पाण्डेय महामंत्री

संवाददाता

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन का 40वाँ द्विवार्षिक महाधिवेषन में पद्मनाभ त्रिवेदी को दूसरी बार प्रान्तीय अध्यक्ष, जेपी पाण्डेय तीसरी बार प्रान्तीय महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए। एसो के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन के द्विवार्षिक चुनाव, मुख्य चुनाव अधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव, सहायक चुनाव अधिकारी कौषलेन्द्र प्रताप सिंह व यूपी सिंह की देखरेख में प्रदेश के 75 जिलों के मिनिस्टीरियल कर्मचारियों ने अपना पद प्रयोग कर पद्मनाभ त्रिवदी बनारस को दूसरी बार प्रान्तीय अध्यक्ष व जेपी पाण्डेयनलखनऊ को तीसरी बार प्रान्तीय महामंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

# इण्टर कॉलेज की बहनों ने प्रसाशनिक कर्मचारियों के साथ मनाया रक्षाबंधन



रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव

'पाली–हरदोई' नगर में संचालित विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज की बहनों ने आज भाई बहन के असीम प्यार स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन प्रशासनिक सेवा के भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। बहनें सर्वप्रथम थाना परिसर पहुँची जहां प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार शुक्ला, निरीक्षक बासुदेव यादव, उपनिरीक्षक संदीप तिवारी, रामकुमार शुक्ल, श्रीपति मौर्य, एवं अन्य सिपाहियों के राखी बांधी। उसके बाद बहनों को भेंट भी दी गयी।

इस अवसर पर कार्यबाहक प्रधानाचार्य शिवम तिवारी, अभय त्रिवेदी, ज्योति मिश्र, गीता कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## अगर हर व्यक्ति अपने धर्म का पक्का हो तो संसार में फैली अनेक प्रकार की बुराइयां स्वयं खत्म हो जाएंगी : सरदार रनजीत सिंह




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर जन समाज सेवा संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज करवा रहे मरीजों एवं उनके परिजनों को चाय,बंद, ब्रेड बिस्कुट एवं भोजन वितरित किया गया संस्था के अध्यक्ष रनजीत सिह ने कहा कि आज हर व्यक्ति सब जानते हुये भी अनजान बना हुआ है वह केवल धर्म की बातें करता है।धर्म के मार्ग पर चलने की कोशिश नहीं करता अगर हर व्यक्ति अपने धर्म का पक्का हो तो संसार में फैली अनेक प्रकार की बुराइयां स्वयं खत्म हो जाएंगी, संस्था के कर्मठ सदस्य सुनील अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर संसार में कोई सेवा नहीं है ।ज्ञानी अनेक सिंह ने सेवा भाव के कार्यक्रम में नई पीढ़ी को अधिक से अधिक हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया इस कार्यक्रम मे कुलदीप सिंह कवलजीत सिंह ,मनरीत सिंह, निरंजन जौहरी ,एकता मदान, बलवंत सिंह, रणजीत सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# नहाते समय एक किशोर डूब गया



हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) हरपालपुर थाना क्षेत्र के मुददपुर मजरा खसौरा में दोस्तो के साथ नदी में स्नान करने गया एक किशोर नदी में डूब गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद एसडीआरएफ टीम पुलिस व ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू कर नदी से शव बरामद करने का प्रयास कर रहे है फिलहाल चार घण्टे बाद भी शव बरामद नही हो सका था। जानकारी के अनुसार इस समय क्षेत्र की नदियों में बाढ़ के चलते बेतहाशा उफनाई हुई है। बुधवार को मुददपुरा मजरा खसौरा गांव निवासी मौजीलाल का लगभग 16 वर्षीय पुत्र पम्मू अपने दोस्तो के साथ गांव के पास से निकली गम्भीरी नदी में नहाने गया था। जहां वह नहाते समय गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। घटना के बाद उसके साथियों ने लोगो को पम्मू के नदी में डूबने की खबर दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से नदी में रेस्क्यू शुरू कर दिया। लेकिन चार घंटे बाद भी पम्मू का नदी से शव बरामद नही किया जा सका। फिलहाल खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू जारी है। बताया जा रहा है कि मौजीलाल के तीन पुत्र व दो पुत्रियां है जिसमे यह तीसरे नम्बर का था।

# आंचलिक विज्ञान नगरी में चन्द्रमा एक अन्वेषण पर रोचक व्याख्यान-हुयी क्विज प्रतियोगिता

### -रोचक व्याख्यान के साथ विज्ञान नगरी में भारतीय अंतरिक्ष प्रोग्राम पर हुया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन-

### -चन्द्रमा का पठार भी है एवरेस्ट से ऊंचा-डा0 उनियाल



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के पुरोधा डा0 विक्रम साराभाई के जन्म शताब्दी वर्ष के अर्न्तगत विज्ञान नगरी में अनेक वैज्ञानिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रखला में आंचलिक विज्ञान नगरी में चन्द्रमा एक अन्वेषण विषय पर रोचक व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों के लिये भारतीय अंतरिक्ष विषय पर एक लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के वैज्ञानिक एवं अर्थ रिसोर्सेज के पमुख डा0 अनिरूद्ध उनियाल ने चन्द्रमा एक अन्वेषण विषय पर रोचक व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होने बताया कि चन्द्रमा के पठार भी पृथ्वी के माउन्ट एवरेस्ट से अधिक ऊंचाई के है। चन्द्रमा से संबंधित अनेक प्रकार रोचक जानकारियां उन्होनें दी।

इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न स्कूलों के करीब दो सौ से अधिक बच्चों ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम विषय पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। दस विजेताओं को डा0 उनियाल के साथ विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक एम0 अंसारी ने पुरस्कार व प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया।

हिन्दी सांध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।